उत्साह ठंडा हो गया। पहले दिन चार ... गए। दर्शक दीर्घा में सन्नाटा छा गया। ... पटेल ने 10 ओवर में 26 रन दिए।

# तीन पूर्व छात्रों को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड

कानपुर | वरिष्ठ संवाददाता

शताब्दी समारोह के अवसर पर चल रही एचबीटीयू की 17वीं अंतरराष्ट्रीय एल्युमिनाई मीट के दूसरे दिन शुक्रवार को रिटायर्ड आईआरएस अशोक कुमार चतुर्वेदी, लेफ्टिनेंट जनरल सुरेश शर्मा और कारपोरेट जगत के दिनेश सहारा को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड दिया गया। चार को डिस्टिंग्यूश्ड एल्युमिनाई अवार्ड और दो को यंग अचीवर्स अवार्ड से नवाजा गया। एचबीटीयू के 24 गरीब मेधावियों को 30 हजार प्रति वर्ष की स्कॉलरशिप दी गई।

कुलपति प्रोफेसर समशेर, एसोसिएशन के अध्यक्ष बलराम उपाध्याय, सचिव विवेक मिश्रा ने वेस्ट कैंपस स्थित शताब्दी भवन में आयोजित समारोह में अवार्ड वितरण किया।

## इन्हें मिला अवार्ड

### 100 करोड़ की टैक्स चोरी पकड़ी

रिटायर्ड आईआरएस अशोक कुमार चतुर्वेदी एचबीटीयू के 1972 बैच के प्लास्टिक टेक्नोलॉजी के छात्र रहे हैं। 1974 में यहीं से एमएससी की। 37 वर्षों के अपने करियर में उन्होंने करीब 100 करोड़ की टैक्स चोरी पकड़ी।

### राष्ट्रपति से मिल चुका मेडल

भारतीय सेना में इंजीनियर इन चीफ के पद पर रह चुके ले. जनरल सुरेश शर्मा को राष्ट्रपति ने दो बार अति विशिष्ट सेवा मेडल और परम विशिष्ट सेवा मेडल से नवाजा। 1980 बैच के पूर्व छात्र ने एचबीटीयू से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बीटेक किया था।

### कृषि क्षेत्र में बड़ा बदलाव

कारपोरेट जगत में दिनेश सहारा का नाम सभी जानते हैं। उन्होंने सामाजिक पहलुओं को अपनाते हुए मध्य प्रदेश में कृषि के क्षेत्र में बड़ा बदलाव किया। एमपी को सोया बाउल ऑफ इंडिया से पहचान दी। उन्होंने गांव को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### अमेरीकी पौधों से बिजनेस

सुधीर कांत 1981 बैच के केमिकल इंजीनियरिंग के छात्र हैं। उन्होंने अमेरिका से लाए उच्च कैलोरी वाले पेड़ 500 एकड़ में लगाए हैं। पांच वर्षों के बाद इसे दोबारा लगाना पड़ता है। आय का यह मुख्य सोर्स है।

### एचबीटीयू में बढ़ जाएगी फैकल्टी

बलराम उपाध्याय 1991 बैच के आईपीएस हैं। वह वर्तमान में केरल में पुलिस आयुक्त हैं। उनका कहना है कि एचबीटीयू में फैकल्टी बढ़ाने के लिए वे एकेडमिक काउंसिल के सीधे संपर्क में हैं। शीघ्र ही फैकल्टी बढ़ेगी।

### कैंपस में लगाई प्रदर्शनी

एचबीटीयू के वेस्ट कैंपस में हुए समारोह में छात्रों ने प्रदर्शनी लगाई। कई तरह के एयरोमॉडल तैयार कर लगाए। माटी के बर्तनों की एक ग्रामीण फ्रिज तैयार की जिसमें सब्जियां ताजी रह सकती हैं।

### डिस्टिंग्यूश्ड एल्युमिनाई अवार्ड

- देवेंद्र कुमार अग्रवाल
- मनोज कुमार गुप्ता
- कमल किशोर पंत
- दिनेश अग्रवाल

### यंग अचीवर्स अवार्ड

- नेहा जैन
- संजय कुमार

### इन्हें मिली 30 हजार स्कॉलरशिप

दिव्यांग पंत, अनुराग यादव, अनिमेष साहू, अदिति त्रिपाठी, पीयूष राजपूत, गौरांग माहेश्वरी, संभव जैन, मोनाली चक्रवर्ती, उत्कर्ष अवस्थी, शुभम शुक्ला, रितिक सेठ, गरिमा गुलाटी, सुधांशु तिवारी, एकता गर्ग, हरभजन सिंह मागा, कन्दर्प त्रिवेदी।